तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025



जर्जर सड़क को लेकर देलारी गांव में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### गड्ढों में समा रहा रायगढ़ का गौरव, मुख्य प्रवेश मार्ग बने हादसों के अड्डे

# बदहाल प्रवेश मार्गों से रायगढ़ की साख पर लगा दाग

**रायगढ़।** शहर में प्रवेश करने वाले चारों प्रमुख मार्ग ढिमरापुर, कोतरा रोड, कबीर चौक और विजयपुर बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहे हैं कि रायगढ़ की पहचान पर ही सवाल खड़ा हो गया है। गड्ढों और धूल से लबालब सड़कों ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। रोज़ाना सैकड़ों वाहन इन रास्तों से गुजरते हैं और हर पल हादसे का डर साथ लेकर चलते हैं। स्थानीय लोग प्रशासन की नाकामी पर नाराज़ हैं और कहते हैं कि सिर्फ़आश्वासन मिलता है, लेकिन सड़के जस की तस बनी रहती है। सोमवार को हमने शहर की चारों दिशाओं की सड़कों का जायजा लिया। जहां हमें प्रवेश मार्गों में सिर्फ गड्ढे ही मिले। ये हाल तब है, जब रायगढ़ विधायक और प्रदेश के वित्त मंत्री रायगढ़ में विकास कार्यों की बाढ़ ला रहे हैं। निर्माण कार्य हों अथवा सड़कों को बनाने का काम। वो हर मामले में पैसे दे रहे हैं। सोमवार को हमने शहर की चारों दिशाओं में पड़ताल की...जहां हमने गड्ढों को कुछ इस तरह से देखा।

#### ढिमरापुर रोड



ढिमरापुर शहर का मुख्य प्रवेश द्वार है। यहां से सबसे ज्यादा लोग शहर में दाखिल होते हैं, लेकिन चिंता की बात यह है कि जैसे ही कोई शहर में प्रवेश करता है, सबसे पहले उसे जर्जर और बदहाल सड़क दिखाई देती है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अगर सड़क बन भी जाती है तो कुछ ही दिनों में दोबारा टूटकर पहले जैसी हालत में आ जाती है। स्थानीय निवासी राज यादव ने बताया कि सड़क की यहां हमेशा धूल उड़ती रहती है।

#### कोतरा रोड



कोतरा रोड यह मार्ग है जो शहर को हाइवे से जोड़ता है, लेकिन इसकी स्थिति भी बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ा हुआ डामर आए दिन हादसों को न्यौता दे रहा है। पास के गैराज में काम करने वाले ईश्वर ने बताया कि यहां तो रोज़ाना 4-5 गाड़ियों का एक्सीडेंट होना तय है। कई बार सड़क की मरम्मत को लेकर आश्वासन तो मिलते हैं लेकिन काम धरातल पर कभी नजर नहीं आता।

#### कबीर चौक



कबीर चौक वह मार्ग है जो शहर को ओडिशा बाईपास से जोड़ता है। हाल ही में मुख्यमंत्री के दौरे के समय इस सड़क की खामियों को छुपाने के लिए नगर निगम ने मिट्टी डालकर गड्ढों को ढकने की कोशिश की थी। लेकिन फिर भी यहाँ की सड़कों में गड्ढे साफ दिखाई दे रहे हैं। कबीर चौक से लेकर काशीराम चौक तक यहां स्थिति काफी खराब है। पग-पग में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे राहगीरों को काफी परेशानियां होती हैं।

#### महापौर के बोल...



महापौर जीवर्धन चौहान ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों ढिमरापुर, कोतरा रोड, विजयपुर और कबीर चौक की मरम्मत व निर्माण कार्य के लिए टेंडर ले लिया गया है। फिलहाल बरसात का मौसम चल रहा है, इसलिए तुरंत काम शुरू करना संभव नहीं है। बरसात खत्म होते ही इन सभी सड़कों पर मरम्मत और निर्माण का काम तेज़ी से शुरू कर दिया जाएगा। हमारी कोशिश है कि इस बार सड़कों को स्थायी स्वरूप दिया जाए ताकि बार-बार लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटे युवक की अब तक नहीं हुई पहचान

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरलिया के पास ट्रेन से कटे युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। ऐसे में पुलिस द्वारा उसकी शिनाख्ती के लिए प्रयास की जा रही है। दरअसल प्रार्थी देव कुमार आदिले निवासी रेलवे कॉलोनी मौदहापारा ने थाने में रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। 2 अगस्त को कोतरलिया के पास अज्ञात युवक उम्र करीब 40 वर्ष की ट्रेन से कट कर मौत हो गई थी। शव क्षत विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर मिला था। पुलिस द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी आज पर्यंत तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### दो माह से चावल वितरण ठप, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम फुटहमुड़ा के ग्रामीण पिछले दो महीनों से चावल वितरण बंद होने से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव ने महीनों पहले उनसे अंगूठा लगवा लिया थाए लेकिन अब तक उन्हें अनाज का एक दाना भी नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे अपनी समस्या लेकर सरपंच के पास गए तो वहां से उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। सरपंच ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और उन्हें खाली हाथ लौटा दिया। लगातार हो रही इस अनदेखी से तंग आकर सोमवार को ग्रामीण रायगढ़ कलेक्टर के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चावल वितरण शुरू नहीं किया गया तो बस्ती के लोग बड़ी मुश्किल में पड़ जाएंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि राशन दुकान संचालक और पंचायत की लापरवाही के कारण वे अपने हक से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन तत्काल जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे और चावल वितरण सुनिश्चित कराए। ज्ञापन सौंपने वालों में फुरहमुड़ा के साथ.साथ आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### जिले में 1180.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 सितम्बर तक 1180.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1332.3 मिली मीटर, पुसौर में 1259.3, खरसिया में 1062.4, घरघोड़ा में 1208.4, तमनार में 935.7, लैलूंगा में 1028.4 मुकडेगा में 1402.1, धरमजयगढ़ में 970.3, छाल में 1092.6 एवं कापू में 1510.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जनदर्शन में दिव्यांग छोटू को मिली ट्राईसाइकिल

**रायगढ़।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में एक दिव्यांग की जिंदगी आसान हो गई। कौहाकुंडा के 29 वर्षीय निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग छोटू यादव को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। छोटू यादव ने अपनी दैनिक कामकाज में आ रही कठिनाइयों को बताते हुए ट्राईसाइकिल की मांग की थी। कलेक्टर ने उनके आवेदन को संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। इसके बाद अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं उप संचालक समाज कल्याण श्री शिवशंकर पाण्डेय द्वारा छोटू को ट्राईसाइकिल प्रदाय की गई।

## रेलवे से लोहा चोरी करने वाले दो आरोपी खरीददार चढ़े आरपीएफ के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेलवे संपत्ति चोरी करने वालों पर आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों रुपए के चोरी का माल बरामद किया है।

आरपीएफ को एक ट्विटर से शिकायत मिली कि स्टेशन के पास चल रहे काम के दौरान चोर सक्रिय हैं और रेलवे का सामान खुलेआम चोरी किया जा रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गंधरी पुलिया के पास संदिग्ध स्कूटी पर सवार दो युवकों को रोका गया। जांच में उनके पास से रेलवे लाइनर 30 नग, पेंड्राल क्लिप 15 नग, नट-बोल्ट 4 नग और ओएचई खंबे का टुकड़ा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान छवि सारथी (33) निवासी मिट्ठुमुड़ा और आकाश साव (23) निवासी कयाघाट के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने चोरी का माल स्थानीय कबाड़ी अब्दुल उर्फ करीया को बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद आरपीएफ की टीम ने अब्दुल की दुकान पर छापा मारा, जहां से लोहे की प्लेट, फिश प्लेट, बोल्ट और ओएचई खंबे का टुकड़ा बरामद हुआ। अब्दुल कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका और चोरी का माल खरीदने की बात स्वीकार की। बरामद रेलवे संपत्ति की कीमत करीब 6000 आंकी गई है। सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष रेलवे न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है।

# गणपति विसर्जन के दौरान पुलिस पर महिलाओं से मारपीट का आरोप, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



### लाठी भांजने वालों में दो पुलिसकर्मियों का नाम आया सामने, टीआई ने कहा मेरे जवान बेकसूर

कोसमनारा में शनिवार की रात गणेश विसर्जन के दौरान आदिवासी समाज की युवतियों, महिलाओं व पुरूषों पर लाठी भांजने वालों में कोतरारोड थाने में पदस्थ दो जवानों व डायल 112 के राइनो स्टाफ के नाम सामने आ रहे हैं। जबकि टीआई का कहना है कि उनके जवान बेकसूर हैं। थाना प्रभारी ने साफ कहा कि उनके जवान इस विवाद में शामिल नहीं थे। मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता अलग है। जिससे अब निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है।

दरअसल शनिवार की रात कोसमनारा के सिदार मोहल्ले में गणेश विसर्जन के दौरान कोतरारोड थाने के पुलिसकर्मियों पर मारपीट के गंभीर आरोप लगे हैं। उनके द्वारा युवक, अधेड़, बुजुर्गों सहित आदिवासी समाज की लड़कियों व महिलाओं तक को लाठियों से पीटने का आरोप है। इस मामले में सूत्रों और ग्रामीणों से जानकारी लेने पर पता चला कि उस वक्त वहां पुलिस के 6 जवान मौजूद थे, जिन्होंने ग्रामीणों पर लाठियां भांजी है, जिसमें उनके द्वारा कोतरारोड थाने में पदस्थ दो जवानों नाम बताया जा रहा है। जबकि डायल 112 के भी कुछ जवान थे, जिनका नाम वो नहीं जानते हैं। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में मोहल्लेवासियों ने कोतरारोड थाने का घेराव कर दिया था। वहीं थाने के बाहर नारेबाजी कर जमकर हंगामा मचाया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए स्वयं एएसपी ने मोर्चा संभाला और ग्रामीणों को दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया था। जबकि पुलिस इस बात को सिरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद बता रही है। थाना प्रभारी जवानों को पाक साफ बताते हुए इसे षड़यंत्र बता रहे हैं। जिससे अब यह मामला और भी पेचिदा होता जा रहा है। इस मामले में एएसपी आकाश मरकाम ने पीड़ित पक्ष को जांच का भरोसा दिलाया है, जिससे अब इस मामले में निष्पक्ष रूप से जांच की मांग उठ रही है ताकि पता चल सके कि आखिर गुनहगार कौन है और अगर यह पुलिसकर्मियों को बदनाम करने की साजिश है तो इसके पीछे किसका हाथ है।

#### घटना की कहानी थाना प्रभारी की जुबानी

इस संबंध में कोतरारोड थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शनिवार की रात करीब 11.30 बजे उनके पास कोसमनारा गांव से एक व्यक्ति ने फोन किया कि यहां गणेश विसर्जन के दौरान डीजे को फुल साउंड में बजा रहे हैं और लोग शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे हैं। जल्द ही यहां पुलिस की गाड़ी भेज दीजिए नहीं तो कोई अनहोनी घटना घटित हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी को मौके के लिए रवाना किया। थाने के जवान वहां पहुंचे और सबसे पहले डीजे को बंद कराया। तभी डीजे के सामने तीन-चार लड़के शराब पीकर लेटे हुए थे और डीजे बजाओ कह कर चिल्ला रहे थे। जिन्हें जवानों ने उठा कर वहां से भगाया है। इसके बाद स्वयं पुलिस के जवान वहां खड़े होकर विसर्जन कराए हैं वहां से निकले हैं। इसके कुछ देर बाद गांव वाले सैकड़ों की संख्या में थाना आ गए और पुलिस जवानों पर मारपीट का आरोप लगाने लगे।

## प्रभावित परिवारों को अब तक नहीं मिला हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित ग्राम लारा के ग्रामीणों ने एक बार फिर अपनी पुरानी मांगों को दोहराते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कहा कि विस्थापित हर परिवार को प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन कार्ड उपलब्ध कराया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना शुरू होने के समय एनटीपीसी प्रबंधन ने उन्हें पुनर्वास, रोजगार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन आज तक ये वादे अधूरे ही हैं। प्रभावित लोग वर्षों से लगातार आवेदन और निवेदन कर रहे हैं, बावजूद इसके उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने साफ लिखा है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका आरोप है कि अब भी प्रभावित परिवारों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया है और यह स्थिति उनके साथ निरंतर अन्याय की तरह है।

## दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर बैग ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



### रामनिवास टाकीज के सामने की घटना, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम

शहर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे भीड़भाड़ वाले इलाके में भी वारदात करने से नहीं चूक रहे। सोमवार की शाम करीब 4.30 बजे रामनिवास टॉकीज गेट के सामने खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोरों ने बैग को पार कर दिया। हालांकि बैग में नकदी नहीं थे, लेकिन आरोपी पीड़ित का मोबाइल और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गए हैं। घटना के बाद कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित ने बताया कि वह बैंक में पैसा जमा कराने के बाद अपनी गाड़ी को रामनिवास टाकीज के सामने खड़ी कर संगम रेडियो दुकान से चार्जर खरीदने गया था। महज 5 मिनट के भीतर लौटकर आया तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ है और उसमें रखा बैग गायब है। पीड़ित ने बताया कि उक्त बैग में मोबाइल, एटीएम, बैंक पासकुब, चेकबुक आदि थे। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। साथ ही साइबर सेल को भी अलर्ट किया गया ताकि आरोपियों का जल्द पता लगाया जा सके।

#### भीड़भाड़ वाले इलाके में वारदात से दहशत

स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी भीड़भाड़ वाली जगह पर इस तरह की वारदात होना पुलिस गश्त पर सवाल खड़े करता है। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

### धरमजयगढ़ वनमंडल में 115 हाथियों का दल कर रहा विचरण

# हाथियों ने 30 किसानों की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की रात हाथियों के दल ने कई गांवों के खेतों में घुसकर करीब 30 किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया। वन विभाग ने सोमवार सुबह से नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है, जिससे प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

दरअसल धरमजयगढ़ वनमंडल के अलग-अलग रेंज में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। रविवार रात हाथियों ने धरमजयगढ़ रेंज के कोयलार में 2 किसानों, बोरो रेंज के खम्हार में 1, छाल रेंज के बनहर में 1, कापू रेंज के सांगुल में 5, लैलूंगा रेंज के कुर्रा में 7, आमापाली बीट में 9 व बगुडेगा बीट के बैगनझरिया में 5 किसानों की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने रात में हाथियों को भगाने की पुरजोर कोशिश की, लेकिन वे भारी मात्रा में फसल चौपट कर गए। हालांकि विभाग द्वारा नुकसानी का आंकलन किया जा रहा है।

#### इन क्षेत्रों में इतने हाथी

धरमजयगढ़ वनमंडल में कुल 115 हाथियों की मौजूदगी है। इनमें लैलूंगा के आमापाली बीट में सबसे ज्यादा 33 हाथी विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा बगुडेगा बीट में 27 हाथी व आमापाली में 10 हाथी शामिल हैं। इन दलों में 33 नर, 47 मादा और 35 शावक हैं।

#### की जा रही मॉनिटरिंग

वन विभाग द्वारा प्रभावित गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। हाथियों की गतिविधियों पर लगातार मानिटरिंग की जा रही है। वहीं विभाग द्वारा फसलों के नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है, ताकि प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा सके।

# एनएचएम के हड़ताली कर्मचारी बोले आश्वासन नहीं, ठोस आदेश चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अडिग हैं। सोमवार को कर्मचारियों के हड़ताल के 22वां दिन था। सोमवार को भी कर्मचारियों का रोटी, सम्मान और न्याय का संघर्ष जोरों पर दिखा। इस दौरान नारे गूंजते रहे कि सेवा के बदले सम्मान दो! हमारी रोटी सुरक्षित करो! सम्मानए न्याय गारंटी दीजिए।

दूसरी तरफ कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। टीकाकरण अभियान और सामान्य चिकित्सीय सेवाएं ठप हो गई हैं। आंदोलन के दौरान 25 नेताओं को बर्खास्त किया जा चुका है। जिससे नाराजगी चरम पर है। प्रदेशभर में लगभग 14000 से अधिक कर्मियों ने विरोध में सामूहिक इस्तीफे दे दिए हैं। हालांकि सरकार ने कुछ मांगों पर आंशिक प्रगति दिखाई है। जैसे प्रदर्शन मूल्यांकन में पारदर्शिता, 30 दिन की आपातकालीन छुट्टी, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि तथा 10 लाख रुपये तक का कैशलेस मेडिकल बीमा। लेकिन कर्मचारी संगठनों का कहना है कि नियमितीकरण, आरक्षण और पब्लिक हेल्थ कैडर जैसी प्रमुख मांगों पर ठोस निर्णय न होने तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा।

